# बिहार सरकार

## लघु जल संसाधन विभाग

पत्रांक-प्र0-01/ल0ज0सं0/स्था0(राज0)-06/2024 7238 /पटना, दिनांक-24/09/25

प्रेषक,

सुशांत कुमार,
सरकार के अपर सचिव,
लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना ।

सेवा में,

**ई-मेल**

अभियन्ता प्रमुख/
सभी मुख्य अभियन्ता/
सभी अधीक्षण अभियन्ता/
सभी कार्यपालक अभियन्ता,
लघु जल संसाधन विभाग, बिहार ।

विषयः- लघु जल संसाधन विभागान्तर्गत बिहार अभियंत्रण सेवा/बिहार अवर अभियंत्रण संवर्ग के अभियन्ताओं का SPARROW System के तहत वर्ष-2024-25 का e-PAR अभिलेखन निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण के संबंध में ।

प्रसंगः- विभागीय पत्रांक-4867 दिनांक-10.07.2025

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र के माध्यम से विभाग के नियंत्रणाधीन बिहार अभियंत्रण सेवा(BES) एवं बिहार अवर अभियंत्रण संवर्ग(BSES) के अभियन्ताओं का SPARROW System पर वित्तीय वर्ष-2024-25 का Online Performance Appraisal Report(e-PAR) आलेखन हेतु समय-सीमा का निर्धारण किया गया है । अधिकांश अभियन्ताओं का निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत स्वीकरण पदाधिकारी(Accepting Officer) द्वारा PAR पर अपना मंतव्य अभिलिखित कर PAR Custodian को Forward किये जाने के फलस्वरूप प्राप्त PAR को संबंधित/प्रतिवेदित पदाधिकारी के NIC द्वारा सृजित व्यक्तिगत E-mail ID पर प्रकट(Disclose) कर दिया गया है ।

**प्रतिवेदित पदाधिकारियों को निदेश दिया जाता है कि प्रकट(Disclose) किये गये PAR पर *दिनांक-06.10.2025 तक* निश्चित रूप से मंतव्य अंकित कर PAR CUSTODIAN/विभाग को Online Forward करेंगे । निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत मंतव्य अप्राप्त रहने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि प्रतिवेदित पदाधिकारी PAR में अंकित अभ्युक्ति से सहमत है तथा PAR को पूर्ण मानते हुए इसे अभिलेख स्वरूप संधारित कर दिया जायेगा । PAR में अंकित अभ्युक्ति से असहमति की स्थिति में प्रतिवेदित पदाधिकारी *दिनांक-06.10.2025 तक* अभ्यावेदन(Representation) विभाग को समर्पित करेंगे ।**

उक्त निर्धारित समय-सीमा के अन्दर विभागीय निदेश का अनुपालन स्वयं करते हुए इससे अपने अधीनस्थ कार्यरत विभागीय नियमित सहायक एवं कनीय अभियन्ताओं(नवनियुक्त कनीय अभियन्ता को छोड़कर) को भी अनुपालन हेतु अवगत करा देंगे ।

विश्वासभाजन

24/09/2025

(सुशांत कुमार)
सरकार के अपर सचिव
लघु जल संसाधन विभाग ।

कृ0पृ0उ0

e:\official document 13.11.2024\suman ji file\official letter folder\office letter 18.10.24.docx

ज्ञापांक- 7238 /पटना, दिनांक- 24/09/25

प्रतिलिपि- संयुक्त सचिव-सह-नोडल पदाधिकारी, SPARROW Portal(PMU) सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

24/09/2025

सरकार के अपर सचिव ।

ज्ञापांक- 7238 /पटना, दिनांक- 24/09/25

प्रतिलिपि- सचिव के प्रधान आप्त सचिव/उप सचिव-सह- PAR CUSTODIAN/आई0टी0 मैनेजर-सह-PIMS CREATOR, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

24/09/2025

सरकार के अपर सचिव ।